तीन सौ प्रतिभाओं को श्री आदि गौड़ समाज ने किया सम्मानित

पुष्कर, (निसं)। श्री अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ पुष्करराज के तत्वाधान में गौड़ समाज की होनहार प्रतिभाओं, भामाषाहों एवं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता ओ.पी.गौड़ अध्यक्ष अखिल भारतीय

■ **कार्यक्रम में वर्तमान अध्यक्ष ओ.पी. गौड़ को बनाया राष्ट्रीय संयोजक**

श्री आदि गौड़ आश्रम पुष्करराज मुख्य अतिथि गौड़ षिरोमणी श्री सोहन लाल कांकर (लाला जी) के साथ संत षिरोमणी श्री खेताराम जी महाराज रामधाम झापरी के सानिध्य में समाज की के अमर शहीद श्री दामोदर गौड़ के परिजनों को सम्मान पत्र, शॉल, दूपटा, माला से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात् समाज के 80 बंसत पार कर चुके अतिवरिष्ठ जनों को प्रमाण-पत्र व मोमेंटो व दूपटा देकर साथ समाज के लगभग 70 व्यक्तियों को विषिष्ट सेवा सम्मान के साथ आश्रम में सहयोग प्रदान करने वाले भामाषाहों का माला, शापा, दूपटा एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मीडिया संयोजक शास्त्री लोकेष शर्मा ने बताया कि सत्र 2023-24 में समाज की उन प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिन्होंने पिछले एक वर्ष के दौरान सरकारी सेवा/ राष्ट्रीय/ राज्य स्तरीय खेलकूद या अन्य गतिविधियों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त व केन्द्रीय / राजस्थान बोर्ड की सकैण्डरी व सीनियर सैकण्डरी के छात्र/छात्राओं जिनके 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली लगभग 300 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथमं मां गायत्री के माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। इसके बाद कार्यक्रम के विषिष्ट अतिथियों का शॉपा, शाल व दूपटा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में गौड़ षिरोमणि सोहन लाल कांकर मुख्य अतिथि व गौड़ षिरोमणि गिरधारी लाल डूकवाल, दिनेष गौड़ अध्यक्ष जोधपुर, जगदीष प्रसाद शर्मा संभाग प्रभारी जोधपुर, वी.एन. शर्मा चेन्नई, ओमप्रकाष कांकर अध्यक्ष जैतारण, भंवाली शंकर गौड़ बालोतरा,

होनहार प्रतिभाओं, भामाषाहों एवं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

अषोक कुमार भरीण्डवाल अध्यक्ष बाड़मेर, गोविन्द प्रसाद पाण्डया, अध्यक्ष अजमेर, डॉ. हरगोविन्द गौड़ जयपुर, जे.एन. शर्मा जयपुर, रामविलास त्रिवेदी कोटा, नारायण लाल गौड़ अध्यक्ष दूदू, शांति लाल कांकर जोधपुर, श्रवण लाल गौड़ कोपल, गिरधारी लाल कांकर जोधपुर, बाबू लाल कांकर जोधपुर, ओमप्रकाष डोल्या पुष्कर, प्रकाष चन्द गिल्याण आगेवा, मुकेष कुमार गौड़ अध्यक्ष बालाजी समिति, रमेष चन्द जी संखालिया खांगटा सहित समाज के अजमेर, ब्यावर, पाली, नागौर, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर सहित कई क्षेत्रों से समाज बन्धु भाग लेने पहुचे। कार्यक्रम का संचालन दिनेष कुमार शर्मा रास ने किया। इस मौके पर रामनिवास बबेरवाल, नन्दकुमार इन्दोरिया, विनोद कुमार बबेरवाल, राजूराम रामपुरिया, नंदकिषोर भिंवाल, राधेष्याम इन्दोरिया, अषोकर कुमार मारवाल, विनोद कुमार डोल्या, कृष्णगोपाल इन्दोरिया, रामाकिषन लाटा, कमोद कुमार मामडोलिया, महेन्द्र कुमार इन्दोरिया, राजेन्द्र कुमार बबेरवाल, सत्यनारायण बबेरवाल, भंवरलाल दरड़, पुखराज इन्दोरिया, भगवान प्रसाद महर्षि, गोविन्द प्रसाद फटवाडिया, नरेन्द्र कुमार भरीण्डवाल, सम्पत इन्दोरिया, प्रकाष चन्द दरड़, जगदीष प्रसाद गिल्याण, अषोकुमार चांदोलिया, दुर्गादत्त शर्मा, चम्पालाल लाटा, गणपतलाल बिंयाला, बद्रीनारायण दरड़ सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

अस्पताल परिसर की सड़क को ठीक करने की मांग

अजमेर, (निसं)। अजमेर मानव अधिकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश गुप्ता ने जेएलएन अस्पताल अधीक्षक व जिलाधीश से अस्पताल परिसर की मुख्य सड़क को शीघ्र ठीक करने की मांग की।

शैलेश गुप्ता ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि अस्पताल परिसर के पिछले भाग में जहां पर पोस्टमार्टम रूम, ऑक्सीजन सिलेंडर भंडार रूम, दवाई भंडार रूम, एमआरआई, वर्कशाप, कचरा निस्तारण केंद्र जहा पूरे अस्पताल का कचरा एकत्र होता है आदि बने हुए हैं जहां पर दवाइयां के ट्रक के ट्रक आते हैं पोस्टमार्टम के लिए एंबुलेंस आती है, एमआरआई , वर्कशॉप, अस्पताल का पूरा कचरा यहां इकट्ठा होता है, अधिकांश डॉक्टर इस मार्ग से आते जाते हैं।

ओएसटी सेंटर उस सड़क को सीवरेज डालने के नाम पर खोद दिया है पूरी सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण इस तरफ आने जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हे अस्पताल प्रशासन संबधित विभाग को इस सड़क को जल्द से जल्द ठीक करने के आदेश दे जिससे यहां आने जाने वालों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

आज से होगी ब्रह्म पुराण

पुष्कर, (निसं)। श्री विशाखा बिहारी पीठाधीश्वर पूज्य सरकार के संस्मरण में बरसाना के रसिक संत और राष्ट्रीय धर्माचार्य पूज्य श्री कान्हा जी महाराज के मुखारविंद से आज 16 जून से जाट विश्राम स्थली में सात दिवसीय श्री ब्रम्हपुराण महाकथा का आयोजन होगा। यह आयोजन कई सालो बाद पुष्कर में आयोजित होगा। सनातन धर्म परिषद न्यास , पुरोहित महासभा राजस्थान के सानिध्य में आयोजित की जा रही । यह कथा दोपहर तीन बजे से सात बजे तक होगी। ब्रह्म पुराण की तैयारिया जोरो पर चल रही है।

NAME CHANGE
I, No. 14660544M Rank: HAV Name:- MOHITE KUNDLIK SHRIDHAR residing of Vill-PIREWADI, post:-PIREWADI, Tehsil:-PATHARDI, District:-AHMADNAGAR, State:-MAHARASHTRA, PIN:-414102 have changed my spouse name from VANITA MOHITE to VANITA KUNDLIK MOHITE vide affidavit BW247347 Dated 15/06/2024 before Court campus Nasirabad

कार्यालय नगर परिषद् कुचामनसिटी (डीडवाना-कुचामन)
Email : eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in फोन नं. 01586-220022
munibkcity@gmail.com 01586-221526
क्रमांक :- न.प.कु./2024-25/1188 दिनांक :- 14.06.2024

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् द्वारा आम सूचना पत्रांक 766 दिनांक 01.05.2023, 1342 दिनांक 31.05.2023, 1680 दिनांक 19.06.2023 एवं 1940 दिनांक 30.06.2023 के जरिए आमंत्रित नवनिर्मित आधुनिक बस स्टैण्ड पर निर्मित दुकानों के विक्रय के सम्बन्ध में प्राप्त आवेदनों की लॉटरी प्रक्रिया दिनांक 20.06.2024 को दोपहर 2:00 बजे नगर परिषद् सभागार कुचामनसिटी में की जायेगी। सम्बधित समस्त सूचित हो।

सभापति नगर परिषद् कुचामनसिटी — आयुक्त नगर परिषद् कुचामनसिटी

शिविर में चिकित्सकों ने किया रक्तदान

अजमेर, (कासं)। शल्य चिकित्सकों की राष्ट्रीय संस्था एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर सभी 23 प्रांतों में रक्तदान शिविरों का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के सर्जरी विभाग शाखा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर डीसी शर्मा ने शल्य चिकित्सकों की इस अनूठी पहल का स्वागत किया एवं आशा व्यक्ति की शल्य चिकित्साक अपने सेवा कार्यों में नवाचार करेंगे और पीडित लोगों को राहत मिले। प्रधानाचार्य डॉ.वीर बहादुर सिंह ने शल्य विभाग की इस पहल को प्रेरणादायक बताया एवं अन्य विभागों को भी इस प्रकार के सेवा कार्यों करने के लिए आग्रह किया।

सभी चिकित्सक कभी ना कभी किसी रूप में रक्तदान करते हैं पर जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के इतिहास में पहली बार है कि किसी एक विभाग के सभी चिकित्सकों ने मिलकर यह दायित्व लिया और सामूहिक रूप से रक्तदान करने का संकल्प लिया। अधीक्षक डॉ अरविंद खरे ने कहा कि मेडिकल कॉलेज टीचर एसोसिएशन द्वारा ऐसे और आयोजन किए जाएंगे समारोह में अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ.श्याम भूतड़ा, डॉ अनिल शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सकों, रेजीडेंट चिकित्सकों एमबीबीएस छात्रों एवं अन्य चिकित्सा कर्मियों ने रक्तदान किया।

बैठक आयोजित

ब्यावर, (निसं)। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल एवं जिला पुलिस अधीक्षक श्री नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सीएलजी कमेटी की बैठक आयोजित हुई ।जिला कलेक्टर कौशल ने बैठक में मौजूद सीएलजी सदस्यों व प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि ब्यावर जिला शुरू से ही शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण युक्त रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी भविष्य में आयोजित होने वाले सभी त्योहारों को पूर्व की भांति इस बार भी स्नेहपूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से मनाए ।जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा नकारात्मक वातावरण फैलाने का उद्देश्य रहता है ऐसे लोगो पर पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक वातावरण खराब होने की संभावना रहती है।

केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी का किशनगढ़ में स्वागत

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के दिल्ली से रवाना होकर किशनगढ़ पहुंचने पर ऐतिहासिक स्वागत किया गया। आर के पाटनी रोडवेज बस स्टेण्ड के पास पहले से ही मौजूद समर्थको ने मंत्री का परम्परागत रूप से माल्यार्पण कर साफा बंधवाकर अपनत्व जताया। मुख्य चौराहे पर मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़, पहाड़िया परिवार से राकेश पहाड़िया, प्रशांत पहाड़िया ने कृषि मंत्री का चौधरी का स्वागत किया। डागा शॉप पर भाजपा नेता सीताराम साहू, उप सभापति मनोहर

■ **समर्थको ने मंत्री का माल्यार्पण कर साफा अपनत्व जताया**

तारानी, विमल बड़जात्या, किशनगोपाल दरगड, बनवारीलाल डागा, किशन बंग,पूर्व प्रधान हनुमान भादू, मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा, सरपंच हरिराम बाना, एडवोकेट नवीन बैरवा, पार्षद राजू शर्मा, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, नवीन जिंदागल, पंकज पहाड़िया, मनेन्द्र सिंह, पवन जांगिड़, अनिल राव, भागचंद चौधरी, हिम्मतसिंह सहित सैकड़ो नागरिकों ने कृषि मंत्री का अभिनन्दन किया। बांदरसिंदरी, पाटन व टोल प्लाजा पर भी स्वागत किया गया। नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़, युवा नेता सुभाष चौधरी, शिव सेना जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, राजेंद्र बैरवा, हेमंत सिंह हरनावा, सूर्येप्रकाश शर्मा, पायलेट नंदकिशोर वैष्णव, सर्वेश्वर मंत्री के अलावा कई भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। बाद काफिले के साथ कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी भाजपा कार्यालय अजमेर एवं पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर में दर्शानार्थ रवाना हो गये।

16 जून को अग्रसेन विहार किशनगढ़ में आयोजित समारोह के दौरान कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक अपना जन्म दिन कार्यकर्त्ताओ के बीच मनायंगे।

कार्यालय ग्राम पंचायत मंगलाना, पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन)
क्रमांक-ग्रा.प./2024-25/13 दिनांक 13.06.2024

ई-निविदा सूचना 01/2024-25

ग्राम पंचायत मंगलाना पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व निर्माताओं से ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
NIB- ZNR2425A0006 UBN- ZNR2425GLRC00004
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मंगलाना, पंचायत समिति परबतसर — सरपंच ग्राम, ग्राम पंचायत मंगलाना, पंचायत समिति परबतसर

ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी

मसूदा, (निसं)। मसूदा उपखण्ड निकटवर्ती ग्राम किराप मे आयुर्वेदिक ओषधालय पर गत छः माह से ताला लगा हुआ होने के कारण ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । ग्रामीण ओषधालय पर ईलाज के लिए आते हैं तो औषधालय पर ताला लगा हुआ मिलता हे ।स्वास्थ्य विभाग की आयुर्वेदिक औषधालय का होना या नही होना कोई मायने नहीं रखता है।ग्रामीणों ने बताया की आयुर्वेदिक दवा का बहुत महत्व होता हे आयुर्वेदिक दवा से हर रोग जड़ से मिटता हे । ग्रामीणों का कहना हे की आयुर्वेदिक वेद की तत्काल प्रभाव से व्यवस्था हो तो ग्रामीणों को इलाज मिल सके अगर औषधालय जल्द शुरू नही तो ग्रामीण चेतावनी देते हुए कहा कि मजबूरन धरना प्रदर्शन उतरना पड़ेगा । इस ग्रामीणों के समक्ष सरपंच प्रतिनिधि जवरी लाल ने बताया की जल्द से जल्द आयुर्वेदिक औषधालय सुचारू रूप से व्यवस्था करवाई जाएगी।

'नगर निगम के कर्मचारियों को योजना का लाभ दिया जाए'

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक एवं पूर्व महिला बाल विकास मंत्री अनिता भदेल ने शनिवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री माननीय भजनलाल शर्मा जी से मुलाकात कर नगर निगम,नगर परिषद, नगर पालिका और समस्त शासन विभाग के सेवानिवृत एवं वर्तमान कर्मचारियों को राज्य सरकार के कर्मचारियों की भाति आर.जी.एच.एस योजना का लाभ दिए जाने को लेकर पत्र दिया।

विधायक भदेल ने बताया कि नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका एवं समस्त स्वायत शासन विभाग के सेवानिवृत्त /वर्तमान कर्मचारियों को राज्य सरकार के कर्मचारी की भाति आर.जी.एच.एस. योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। राज्य सरकार द्वारा समस्त राजकीय कर्मचारी सेवानिवृत्त सहित निर्धारित राशि जमा कराने के पश्चात् राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना समान रूप से लागू की गई थी, जिसमें स्वायत्त शासन विभाग के कर्मचारी भी सम्मलित है। राज्य सरकार द्वारा अपने बजट 2023-24 में आउटडोर चिकित्सा सुविधा 30,000/- रूपए सालाना की गई तथा आवश्यकता होने पर निर्धारित प्रक्रिया में आवेदन करने पर गंभीर बीमारी पर वृद्धि का प्रावधान है।

परियोजना निदेशक (आरजीएचएस) द्वारा स्वायत्त संस्थान को आउटडोर सुविधा 20,000/- रूपए निर्धारित है। जो राज्य सरकार की घोषणा के विपरीत है। जबकि राज्य कर्मचारियों को सालाना 30,000/- रूपए की सुविधा दी जा रही है। यह दोहरी प्रक्रिया विधि संगत नहीं है।

भदेल ने मुख्यमंत्री जी बताया कि विभाग द्वारा अपनाई जा रही दोहरी प्रक्रिया समाप्त करने हेतु संबंधित विभाग को समुचित आदेशन प्रदान कर राजस्थान के समस्त स्वायत्तशासी संस्थान के कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जावे एवं आर.जी. एच. एस. की राशि बढ़ाई जाए।

चौहान जयंती समापन का समारोह

ब्यावर, (निसं)। सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समारोह समिति द्धारा आयोजित पखवाड़े का समापन विशाल जनसभा के रूप समापन होगा जिसके मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजन लाल शर्मा एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक निम्बाराम, अध्यक्षता परम् पूज्य मेहंदीपुर बालाजी मुख्य महंत डॉ नरेश पुरी करेंगें।

विहिप केंद्रीय मंत्री उमाशंकर, विशिष्ट अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत, अविनाश गहलोत, भीम विधायक हरि सिंह रावत, राजसमन्द सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक शंकर सिंह रावत, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, मगरे क्षेत्र के प्रमुख संत एवं गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। समारोह के अवसर पर चीता मेहरात हिन्दू महासभा द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन भी होगा जिसमें सभी संत महंत एवं मुख्यमंत्री 14 नवयुगलों को अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगें।

वंचित क्षेत्रों को निगम सीमा में शामिल करने की मांग

अजमेर, (कासं)। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों ने नगर निकायों के आगामी चुनावों से पूर्व पिछले चुनाव में वंचित क्षेत्रों और नगर निकाय की सीमा से जुड़े वंचित क्षेत्रों को निगम सीमा में सम्मलित करने की मांग की है।

होटल व्यवसाय से जुड़ी लत्ता भैरूमल बच्चानी, राजेश लालवानी और महासंघ के रमेश लालवानी ने बताया कि वर्तमान में नगर निगम एवं अन्य निकायों के वार्ड किसी में अधिक जनसंख्या, किसी में कम, कोई वार्ड अलग-अलग पुलिस थाना क्षेत्र में और अनेक वार्डों में मकान दो-दो वार्डों में सम्मलित करके जोड़ा हुआ है। कालीचरणदास खण्डेलवाल, संतोष बर्मन, ओम प्रकाश टांक, अध्यक्ष महेन्द्र बंसल,महासचिव रमेश लालवानी, राजेन्द्र सिंह निर्वाण, किशोर टेकवानी, रणवीर सैनी,

■ **पदाधिकारियों ने मांग की है कि वार्डो का नामकरण नगर निगम द्वारा क्षेत्र की कॉलोनी के अनुसार एक सार बोर्ड लगवाकर किया जाना चाहिए**

मितेश निचानी, हरीश अगनानी, हरीश वतवानी, जशन वरलानी, मानमल गोयल, राजेश गोयल, सुरेश तम्बोली ने बताया कि वार्डो का सीमांकन गूगल मैप को भी सहयोग लेकर बनाया जा सकता है। पदाधिकारियों ने मांग की है कि वार्डो का नामकरण नगर निगम द्वारा क्षेत्र की कॉलोनी के अनुसार एक सार बोर्ड लगवाकर किया जाना चाहिए। अनेक लोगों को डाक प्राप्ति व संबंधित लोगों को घरों तक पहुंचने में भी बहुत परेशानी का सामना करना पडता है। इसके लिए क्षेत्रिय समितियों का भी सहयोग लेकर वार्डो का सीमांकन करवाया जाना चाहिये।

कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुरा-भीलवाड़ा

वित्तिय निविदा प्रपत्र
1-प्रशिक्षण/बैठकों हेतु चाय नाश्ता एवं भोजन व्यवस्था के लिए निविदा
2-निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम एवं पता, फोन नम्बर.....
3-किसको सम्बोधित की गयी:-प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुरा (भीलवाड़ा)
4-हम प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुरा (भीलवाड़ा) द्वारा जारी की गयी निविदा सूचना संख्या:-03/2024-25 दिनांक:-11.06.2024 में वर्णित सभी शर्तो से तथ संलग्न शीट (इनके सभी पृष्ठों पर उल्लेखित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किए जाने के प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिए है) में दी गयी उक्त निविदा सूचना की अतिरिक्त शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है।
5-निम्नलिखित मदों के प्रदाय के लिए दरें निम्न प्रकार होगी तथ प्रदाय की जाने वाली सामग्री की मात्रा उनके सामने अंकित की गयी है:-

वर्किंग लन्च (गैर आवासीय)

क्र.सं.	कार्यक्रम में चाय नाश्ता एवं भोजन	स्पेसिफिकेशन	फर्म द्वारा प्रस्तुत दरें प्रति संभागी
1	अल्पाहार (चाय दो बार व नाश्ता एक बार)	1-चाय के साथ 2-2 पैकड बिस्कुट 2-कचौरी/समोसा/आलूबड़ा/अथवा पोया व नमकीन 3-मौसमी फल एक	
2	भोजन	चपाती, चावल या पुलाव, दाल, सब्जी, सलाद, पापड़,एवं मिठाई के दो पीस	

भोजन व्यवस्था आवासीय

क्र.सं.	कार्यक्रम में चाय नाश्ता एवं भोजन	स्पेसिफिकेशन	फर्म द्वारा प्रस्तुत दरें प्रति संभागी
1	अल्पाहार (चाय तीन बार व नाश्ता एक बार)	1-चाय के साथ 2-2 पैकड बिस्कुट 2-कचौरी/समोसा/आलूबड़ा/अथवा पोया व नमकीन 3-मौसमी फल एक	
2	भोजन दोनो समय	चपाती, चावल या पुलाव, दाल, सब्जी, सलाद, पापड़,एवं मिठाई के दो पीस	

निविदादाता के हस्ताक्षर

जब अधर्म बढ़ा, तब भगवान ने अवतार लेकर भक्तों की रक्षा की : बृजमोहन शास्त्री

कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

अजमेर, (कासं)। सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ व 41 कुंडीय यज्ञ के चौथे दिन शनिवार को कथा व्यास पंडित बृजमोहन शास्त्री ने वामन अवतार व राजा अम्बरीष का प्रसंग, श्रीकृष्ण जन्म, कालिया मर्दन, गिरिराज धारण एवं रासलीला सहित अन्य प्रसंगों का वाचन किया। कर्मयोगी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े आनंद और हर्षोल्लास के साथ धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर नयनाभिराम झांकी भी सजाई गई जिस पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

सिद्ध बाबा मंदिर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा व 41 कुंडीय महायज्ञ के तीसरे दिन शुक्रवार को कथा व्यास पंडित बृजमोहन शास्त्री ने कई प्रसंग सुनाए। कथाव्यास पंडित शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवनतांत में बाल लीला का वर्णन, कालिया मर्दन, गिरिराज धारण एवं रासलीला सहित अन्य प्रसंगों का वाचन किया। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की भी कथा सुनायी। नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे बधाई गीतों पर पूरा पंडाल में भक्त नाचते गाते नजर

कथा का वाचन करते पंडित बृजमोहन शास्त्री।

आए। यह नजारा श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का था। भगवान कृष्ण जन्मोत्सव में नन्हें बालक ने भगवान कृष्ण का रूप धारण कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सभी ने कृष्ण जन्म का आनंद लिया। गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है।

कथा व्यास पंडित बृजमोहन शास्त्री ने कहा कि सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग में जब भी अधर्म बढ़ता है, पाप व अनाचार की पराकाष्ठा हो जाती है, तब प्रभु नारायण को अपने भक्तों की रक्षा के लिए मृत्युलोक में आना पड़ता है और राक्षसों का संहार कर सज्जनों की रक्षा करते हैं। भक्तों की

■ **41 कुंडीय महायज्ञ के तीसरे दिन कई प्रसंग सुनाए**

पुकार पर दैत्य दानवों के संहार के लिए भगवान स्वयं धरती पर प्रकट हुए और दुष्टों का हर युग में संहार किया। उन्होंने कहा कि मानव आत्मा व शरीर मधुर संयोग है, लेकिन यह दुख का विषय है कि वर्तमान समय में व्यक्ति आत्म साधना के स्थान पर मात्र नश्वर शरीर को ही सर्वत्र एवं समस्त मानकर भौतिकता की तरफ आकृष्ट है। उन्होंने कहा कि जो लोग सदा तरह तरह के पाप किया करते हैंए निरंतर दुराचार में ही तत्पर रहते हैं और उल्टे मार्गों से चलते हैं तथा जो हमेशा क्रोध में रहने वाले कुटिल और कामी परायण हैं वे सब ही इस कलयुग में श्रीमदभागवत कथा से पवित्र हो जाते हैंए जो झूठ बोलने वालेए माता. पिता की निंदा करने वालेए लालच के मारे हुएए आश्रम धर्म से रहितए घमंडीए दूसरों की उन्नति देखकर कुढने वाले और दूसरों को दुरूख देने वाले हैं वे भी कलयुग में श्रीमदभागवत कथा के प्रभाव से पवित्र हो जाते हैं।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहितओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वग्रीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

क्रम संख्या	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम	सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि	सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि	सम्पत्ति का पता
1	69476691	सम्पत्ति पर ऋण	1. राजेश शर्मा 2. ओम प्रकाश अमर 3. कृष्ण मुरारी 4. युगल किशोर शर्मा	29.05.2024	29,10,460.24/-	सम्पत्ति पट्टा नं. 73, मिसल नं. 50/71-72, क्षेत्रफल 2400 वर्गफिट अर्थात 600 वर्गगज़, ग्राम मेडता रोड, मातेश्वरी कॉलोनी, जिला नागौर, नागौर, राजस्थान-341511 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है पूर्व-15'0'' रास्ता और मुन्नीलाल जी शर्मा का थाला, पश्चिम 15'0'' गली और गोविन्द राम जी का थाला, उत्तर- 5'0'' गली और भीखम चन्द का थाला, दक्षिण-5'0'' गली और राम निवास का थाला

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि मे दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते मे ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
दिनांक- 16.06.2024
स्थान- नागौर
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)